बैट-बॉय और उसका वायलिन

वायलिन के तारों पर मैं कमान उसी भाँति चलाता हूँ जैसे गर्मियों में तालाब के पानी पर मच्छर फिसलता हुआ निकल जाता है. 'चैकोव्सकी' की धुन, बिना किसी त्रुटि के, टाइलर रोड पर स्थित हमारे घर में गूंजने लगती है. जब पिछला दरवाज़ा ज़ोर से बंद होता है और किचन के फर्श पर लोहे के कीलों के टकराने की आवाज़ सुनाई देती है तो मैं समझ जाता हूँ कि पापा आ गए हैं.

"क्या-रैजिनॉल्ड-फिर-से-वायलिन-बजा-रहा-है?" वह चिल्लाकर पूछते हैं.

"शांत रहो," माँ कहती हैं, "यह धुन मुझे बहुत पसंद है."

"यह लड़का हर समय अंदर कैद रहता है, आश्चर्य है कि इस पर कुकुरमुत्ते क्यों नहीं उग आये."

मैं पिता की ऊँची आवाज़ से ऊँचा वायलिन बजाने का प्रयास करता हूँ. कभी-कभी वह क्रोध में घर लौटते हैं क्योंकि वह नीग्रो नेशनल लीग की सबसे खराब टीम, ड्यूक्स, के मैनेजर हैं. 1948 का सीज़न अब तक बहुत ही कठिन रहा है. जिन खेलों में टीम के हारने की आशंका है पिता उनकी बुकिंग भी न करा पा रहे हैं. उनका कहना है कि उनके अच्छे खिलाड़ी टीम छोड़ कर श्वेतों की टीम में खेलने चले गये हैं, जैसा जैकी रोबिंसन ने पिछले वर्ष किया था.

“तुम जानते ही हो कि हमारा लड़का एक दिन किसी प्रसिद्ध ऑर्केस्ट्रा में भाग लेना चाहता है,” पापा के पीछे आते-आते माँ ने कहा.

“पर ड्यूक्स को इस समय एक बैट-बॉय की आवश्यकता है. मुझे लगता है कि अगर रैजिनॉल्ड घर से बाहर जायेगा तो उसके लिए अच्छा होगा. हम उसे यूनिफार्म और अन्य चीज़ें भी देंगे.”

मैं वायलिन बजाना रोक देता हूँ. “मेरे अभ्यास का क्या होगा?” मैं पूछता हूँ. “क्या आपको याद नहीं कि अगले माह चर्च की बेसमैंट में मुझे संगीत की प्रस्तुति देनी है?”

“तुम पारियों के बीच के अंतराल में अभ्यास कर सकते हो. बैट वगेरह का ध्यान रखने में अधिक समय नहीं लगता.” पापा एक अदृश्य मैदान में अदृश्य बैट घुमाने का अभ्यास करते हैं. “और अगर तुम ने अपना काम अच्छे से किया तो मैं तुम्हें इसी जगह अपना फिडिल बजाने दूँगा.”

मैं मुस्कराता हूँ क्योंकि हमारी बैठक चर्च की बेसमैंट से बड़ी है. “मैं इसे वायलिन ही बुलाना पसंद करता हूँ,” मैं कहता हूँ.

पापा मेरी बात नहीं सुनते हैं. वह अलमारी में रखी ट्रॉफियाँ देखने में मग्न हैं. “अरे,” पापा कहते हैं, “क्या पता अपने पिता के समान बेसबॉल खिलाड़ी बनने की प्रेरणा ही तुम्हें मिल जाये.”

अगली सुबह पापा और ड्यूक्स के साथ टीम की पुरानी खटारा बस में बैठ कर मैं क्लीवलैंड आता हूँ. बक-आइज़ के साथ मैच खेलने के लिए हम खेल के मैदान में आ गए. मैदान में लगे बेंच दर्शकों से पहले ही खचाखच भरे हुए हैं.

मिस्टर फॉरेस्ट जो शॉर्टस्टाप पर खेलते हैं, सबसे पहले खेलने जा रहे हैं. मैं चाहता हूँ कि वह बढ़िया बैट चुनें. इसलिए मैं उनके पास छह बैट ले आता हूँ. इतने बैट मैं संभाल नहीं पाता और वह मेरे हाथों से फिसल जाते हैं. इस कारण मिस्टर फॉरेस्ट लड़खड़ा जाते हैं, जैसे कि वह बर्फ पर स्केटिंग कर रहे हों. वह पीठ के बल गिरते हैं. दर्शक ज़ोर से हँसने लगते हैं जैसे कि उन्होंने सर्कस में जोकर का प्रदर्शन देखा हो.

“एक समय में एक बैट ले जाओ!” उनके चेहरे से अप्रसन्नता झलक रही है.

मिस्टर फॉरेस्ट उठ खड़े होते हैं, पर गेंद को तीन बार भी नहीं मार पाते.

कोई और खिलाड़ी नहीं फिसलता है लेकिन अगले दो खिलाड़ी जल्दी आउट हो जाते हैं. अब ड्यूक्स की फील्डिंग करने की बारी है. मैं देखता हूँ कि कुछ बैट घिस गए हैं. मुझे उस पॉलिश का ध्यान आता है जो मैं अपनी वायलिन पर लगाता हूँ. कपड़े से साफ कर मैं बैट पॉलिश से चमका देता हूँ. मैं उनको एक कतार में बाड़ के साथ खड़ा कर देता हूँ. मैं स्वयं भी वहाँ खड़ा हो जाता हूँ ताकि ड्यूक्स की बैटिंग की दूसरी पारी आए तो मैं खिलाड़ियों को बैट दूँ. मैं प्रार्थना करता हूँ कि दूसरी पारी में कोई गड़बड़ न हो.

"अब तुम्हें समझ आ रहा है न कि क्या करना है," पापा कहते हैं.

"हाँ," पंजों और एड़ी पर झूलते हुए मैं कहता हूँ.

तीसरे बल्लेबाज़, मिस्टर मोसली, को बैट देता हूँ तो वह टोपी उठा कर धन्यवाद करते हैं. गेंद को मारने के लिए जब वह बैट घुमाते हैं तो बैट उनके हाथ से छूट कर अम्पायर के सिर को लगभग छूते हुए दूर जा गिरता है.

"मैं खिलाड़ियों को बैट दूँगा," अम्पायर के शांत होने पर पापा कहते हैं. लेकिन जब अम्पायर ने पापा से हर बैट पर मिट्टी मलने के लिए कहा तो पापा गुस्से में बुदबुदाने लगते हैं.

"क्या मैं आपकी सहायता कर सकता हूँ?" मैं पूछता हूँ.

"तुम बेंच पर बैठ कर कुछ देर आराम क्यों नहीं कर लेते. तुम्हें फिडल बजाने का अवसर मिल जायेगा."

"आपका तात्पर्य है कि वायलिन."

"बस आवाज़ धीमी रखना. भगवान जानते हैं कि अपनी सिरदर्द बढ़ाने के लिए मुझे कोई और झमेला नहीं चाहिए." पापा अपनी टोपी उतार कर उससे अपने चेहरे का पसीना पोंछते हैं.

मैं ‘स्वैन-लेक’ की धुन वैसे ही बजाता हूँ जैसी मैंने महसूस की थी-उदास, धीमी लय में. मैं वायलिन बजाने में अनाड़ी नहीं हूँ. जो धुन मैं अच्छे से जानता हूँ, उसे बस एक बार देख लेता हूँ.

“यह तो बहुत ही सुंदर धुन थी,” डैक पर प्रतीक्षा कर रहे सैंटर-फील्डर मिस्टर लारूय कहते हैं. “मेरे तो रोंगटे खड़े हो गए.

“धन्यवाद,” मैं कहता हूँ. यह जान कर कि कोई मेरा संगीत सुन रहा था मैं थोड़ा असहज हो जाता हूँ.

"तुम्हारी बारी है, लारूय," पापा पुकारते हैं. उनका सिरदर्द ठीक हो गया होगा क्योंकि वह मुस्करा रहे हैं. "अब इतने जोश से अपने बल्ले से बॉल को भी मार कर दिखाना."

जैसे ही मिस्टर लारूय खेल के मैदान में जाते हैं, मैं दुबारा वायलिन बजाने लगता हूँ. वह पहली बॉल छोड़ देते हैं लेकिन अगली बॉल को ज़ोर से मारते हैं.

"दौड़ो," पापा चिल्लाते हैं क्योंकि लारूय ने बॉल को आउठ-फील्ड की ओर मार दिया है.

वह प्रथम बेस पर पहुँच पाते उससे पहले ही बॉल मैदान के बाहर चली जाती है. वह धीरे-धीरे दौड़ने लगते हैं और फिर मैदान में उछलने लगते हैं. जब तक वह होम प्लेट पहुँचते हैं मैं संगीत बजाता रहता हूँ.

मिस्टर एरविन, जो कैचर हैं, बल्लेबाज़ी करने आते हैं और मैं 'मोज़ार्ट' बजाने लगता हूँ - और वही घटना फिर घटती है. दूसरे बल्लेबाज़ और फिर तीसरे बल्लेबाज़ के साथ भी वैसा ही होता है.

खेल समाप्त होने तक मैं बहुत थक जाता हूँ लेकिन ड्यूक्स ने बक-आइज़ को हरा दिया है. कई महीनों के बाद टीम ने पहली जीत अर्जित की है.

"क्या यह लड़का प्रतिभावान नहीं है?" पापा कहते हैं और गेंदबाज़ के बजाय मेरे बाज़ू की मालिश करने लगते हैं.

बैट-बॉय बनना मुझे अच्छा लगने लगा है. पापा खिलाड़ियों को बैट पकड़ाते हैं और जितना वायलिन मैं बजाना चाहता हूँ मुझे बजाने देते हैं. और इसके अतिरिक्त ड्यूक्स ने हारना बंद कर दिया है. जब से वह खिलाड़ी थे तब से मैंने पापा को इतना प्रसन्न कभी नहीं देखा है.

लगातार तीन सप्ताह जीतने के पश्चात पापा महत्वपूर्ण घोषणा करते हैं, “हमारा अगला मैच मोनार्क के साथ है!”

सिर्फ मैं ताली नहीं बजा रहा हूँ, इसलिए मैं पूछता हूँ, “क्या वह अच्छी टीम है?”

“अच्छी टीम है?” वह कहते हैं. “अरे, मोनार्क सबसे उत्तम अश्वेत टीम है.”

“मुझे लगा कि हम सबसे उत्तम हैं,” मैंने कहता हूँ.

“हम होंगे अगर हमने मोनार्क को हरा दिया तो. लोग कह रहे हैं कि अब बेसबॉल में अश्वेत और श्वेत खिलाड़ी एक साथ खेलने लगे हैं, इसलिए अश्वेत खिलाड़ियों की अलग टीमें अधिक समय तक न रहेंगी. सीज़न समाप्त होने वाला है इसलिए प्रसिद्धि अर्जित करने का ड्यूक्स के लिए यह अंतिम अवसर है.” पापा ने मुझे अपने कंधों पर उठा लेते हैं. “सौभाग्य की बात है कि हमारे पास एक छोटा, प्रतिभाशाली बैट-बॉय है.”

महत्वपूर्ण मैच से पहले वाली रात पापा ड्यूक्स के लिए नगर में कोई होटल नहीं ढूँढ पाते हैं. "हम अपने होटल में अश्वेत लोगों को नहीं ठहराते," होटल का एक श्वेत क्लर्क कहता है. "आप को कहीं और रहने की जगह तलाश करनी पड़ेगी."

"फिर भी आप का धन्यवाद," पापा टोपी उठाते हुए कहते हैं. "मुझे लगता है कि रुकने के लिए हमारी बस ही उपयुक्त रहेगी."

स्टेडियम के बाहर एक मैदान में हम बस खड़ी कर देते हैं. मिस्टर लारूय मछली और मक्का को भूनते हैं. खाने के बाद सब तनाव में हैं और सो न पा रहे हैं. सब आशंकित हैं कि खेल में क्या होगा. इसलिए जो लोरी माँ मुझे कभी-कभी सुनाती हैं वह मैं वायलिन पर बजाता हूँ.

"रैजिनॉल्ड," जब झींगुरों की आवाज़ के साथ खर्राटों की आवाज़ मिलने लगती हैं तब पापा कहते हैं. "तुम में कुशलता है. उस मूर्ख क्लर्क को तुम्हारे फिडल का संगीत सुनना चाहिए था."

"वायलिन का," पेट के बल लेट कर सोने से पहले मैं पापा से कहता हूँ.

अगले दिन सूरज चमक रहा है और जैसे ही खेल अतिरिक्त पारी की ओर बढ़ता है, कहीं कोई छाया दिखाई नहीं देती है. मैं अपना सबसे बढ़िया संगीत बजा रहा हूँ लेकिन उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है-कम से कम ड्यूक्स को कोई लाभ नहीं हो रहा है.
मैं 'बिथोवन' का संगीत बजाता हूँ और मिस्टर फॉरेस्ट और मिस्टर मोस्ली गेदों को ऐसे मारते हैं कि गेंदबाज़ सीधा लपक लेता है. मैं 'मोज़ार्ट' की धुन बजाता हूँ और मिस्टर लारूय आउट हो जाते हैं. लेकिन जब मैं 'बाख' की धुन बजाता हूँ और जब पापा घबराये हुए हैं मोनार्क टीम के मिस्टर ओनील ने गेंद को इतने ज़ोर से मारा कि वह सीमा के बाहर चली जाती है और ड्यूक्स खेल हार जाते हैं.

ड्यूक्स के खिलाड़ी मोनार्क को बधाई देते हैं और स्नान करने चल देते हैं. जब वह मेरे समीप से निकल कर जाते हैं तो कोई कुछ नहीं बोलता. सामान इकट्ठा करते समय पापा बहुत उदास लगते हैं. मैं उनकी सहायता करना चाहता हूँ लेकिन मैं सीधा बस की ओर चल देता हूँ. मैं सोच रहा हूँ कि क्या अब चर्च की बेसमैंट में अपनी प्रस्तुति दे पाऊँगा.

“बेटा,” घर लौटते समय शांत यात्रा के बीच पापा आखिरकार कहते हैं, “कोई आनंद से भरी धुन बजाओ.” समान रखने वाले रैक से मेरा वायलिन उठा कर वह मुझे देते हैं. “हमें उत्साहवर्धक संगीत की आवश्यकता है.”

“ मैं....मैं डर रहा था कि मेरा संगीत आपको अब अच्छा न लगेगा,” मैं वायलिन के खूँटियों को घूमा कर देखता हूँ.

“निस्संदेह मुझे तुम्हारा संगीत अच्छा लगता है,” पापा अपनी सीट पर बैठते हैं और मुझे अपनी गोद में बैठा लेते हैं. “अपने उत्तम खिलाड़ियों के बिना जितने मैच हम जीत सकते थे उनसे अधिक मैच हमने तुम्हारे संगीत की सहायता से जीते हैं. जब मैं चुपचाप सुनता था, तुम्हारा संगीत बहुत अच्छा लगता था. और सबसे बड़ी बात है कि मैं तुम्हें प्यार करता हूँ. हार या जीत, अश्वेत टीम रहती है या नहीं, कुछ भी इस सत्य को बदल नहीं सकता.”

“मैं भी आप से बहुत प्यार करता हूँ,” मैं उन्हें गले लगाता हूँ और फिर वायलिन पर ‘मिनट वाल्ट्ज़’ बार-बार बजाने लगता हूँ.

एक सप्ताह बाद बेसबॉल सीज़न समाप्त हो जाता है और अंततः मैं संगीत की अपनी प्रस्तुति देता हूँ. टाइलर रोड पर स्थित हमारे घर में जो आवाज़ सुनाई दे रही है वह है 'शूबर्ट सोनाटा' की मधुर धुन-बिना किसी त्रुटि के. हमारी खचाखच भरी बैठक में पापा, माँ, ड्यूक्स के खिलाड़ी और उनकी पत्नियाँ पहली चार कतारों में विराजमान हैं.

"आप लोगों को रैजिनॉल्ड पर बहुत गर्व होगा," मैंने मिस्टर लारूय को धीमे से कहते सुना. "वह फिडल बहुत अच्छी बजाता है."

पापा मुस्करा देते हैं. और अपनी बाँह माँ के पीठ पर रख देते हैं. "अवश्य," वह कहते हैं, "लेकिन हम इसे वायलिन कहना पसंद करते हैं."

समाप्त